दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 141 मुरादाबाद 16 September 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी बोले- मदरसों की बेहतरी के लिए सर्वे करा रही सरकार



लखनऊ-मदरसों के सर्वे के विरुद्ध विभिन्न विपक्षी दलों द्वारा उठाई जा रही आवाज के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा है कि सरकार मदरसों की बेहतरी और आधुनिकीकरण के लिए सर्वे करा रही है। पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते हुए उन्होंने दावा किया कि किसी भी ईमानदार और शरीफ व्यक्ति के यहां छापा नहीं पड़ा। देश के संसाधन और गरीबों का हक लूटने वालों के खिलाफ ही सरकार कार्रवाई कर रही है। राजधानी के विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा वैचारिक आधार पर चलने वाला राजनीतिक संगठन है। हम भारतीय संस्कृति, आस्था, परंपराओं और विरासत को लेकर लंबे समय से राजनीतिक क्षेत्र में काम कर रहे हैं। देश में हमारे अलावा जितनी भी राजनीतिक विचारधाराएं हैं, उनमें अधिकांश विचारधाराएं विदेशी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश सरकार देश के संसाधनों को लूटने वालों, माफिया, अराजकता फैलाने वालों, गुंडागर्दी करने वालों, मां-बहन-बेटियों को अपमानित करने वालों और गरीबों का हक लूटने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। सभी योजनाएं बिना भेदभाव के अन्त्योदय की विचारधारा के आधार पर गरीबों के आर्थिक, शैक्षिक व सामाजिक उत्थान के लिए हैं। सरकार पार्टी के घोषणा पत्र के संकल्पों को भी पूरा कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछली सरकारों में सत्ता के संरक्षण में माफिया तंत्र खड़ा करके प्रदेश की कानून व्यवस्था को कमजोर किया गया। आज प्रदेश में भाजपा सरकार माफिया के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और यही कुछ राजनीतिक दलों के दर्द का कारण है।` प्रदेश प्रभारी चौ. जाकिर हुसैन, सहप्रभारी अमित वाल्मीकि, प्रदेश सरकार के मंत्री दानिश आजाद अंसारी, अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन अशफाक सैफी, मदरसा बोर्ड चेयरमैन ईफ्तखार हुसैन, उर्दू अकादमी के चेयरमैन चौ. कैफूल बरा और हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन रजा भी उपस्थित थे।

## यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य का अखिलेश पर तंज, कहा- उनकी तबीयत ठीक नहीं, मैं डाक्टर होता तो दवा जरूर देता



सुलतानपुर-उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सड़क के गड्ढों पर बोलने से कतराए, लेकिन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर हमलावर रहे। बोले, उनकी तबीयत ठीक नहीं, मैं डॉक्टर होता तो उन्हें जरूर दवा देता। वह सपा मुखिया द्वारा पार्टी में शामिल होने पर मुख्यमंत्री बनाए जाने के सवाल का जवाब दे रहे थे। लखीमपुर में सगी बहनों की दुष्कर्म के बाद हत्या प्रकरण पर डिप्टी सीएम ने कहा कि अपराध करने वाले और उन्हें संरक्षण देने वाले दोनों ही बच नहीं पाएंगे। सभी आरोपितों की गिरफ्तारी हुई है। हम पीड़ित परिवार के साथ हैं। उन्होंने प्रोटोकॉल में ऑपरेशन रोके जाने का संज्ञान लिया। डीएम को जांच करने के आदेश दिए।कहा कि अमृत सरोवर और कमल सरोवर हमारे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट हैं। इसमें नागरिक सहयोग करें। उन्होंने निर्माण इकाइयों को जल्द कार्य पूरा करने के लिए चेतावनी दी। डिप्टी सीएम गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर यहां आए हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद करने के बाद विकास कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद पत्रकार वार्ता में सरकार की योजनाओं का बखान किया।

## कांग्रेस की वजह से दो बार पीएम बन गए मोदी, राहुल को अमेठी हराने मैं नहीं गया था: ओवैसी



एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने राजस्थान में भी विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। गुरुवार को वह राजस्थान के झुंझुनूं पहुंचे और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। ओवैसी ने कहा कि कांग्रेस के कारण ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। ओवैसी झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ कस्बे के बकरा मंडी इलाके में बुधवार रात आमसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस समाज के पास सियासी ताकत होगी उसी समाज के साथ इंसाफ होगा। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों के कारण मोदी दो बार देश के पीएम नहीं बने बल्कि कांग्रेस के कारण वह दो बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। उनके प्रदेश के दौरे पर कांग्रेस इतना क्यों डरती है।उन्होंने कहा कि करौली में दंगा हुआ लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं गए। प्रदेश में महंगाई सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि वह बता देना चाहते हैं कि भाजपा यदि आगे बढ़ रही है तो वो कांग्रेस के सहयोग से, इसलिए हमें तीसरी ताकत को पहचानना होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी सर्कस का मंजर पेश कर रही है। मुख्यमंत्री का एक सलाहकार एवं विधायक कहता है कि राजस्थान में सिर्फ दो नारे लग सकते हैं। एक राजीव गांधी का एवं दूसरा अशोक गहलोत का। प्रदेश में गहलोत मुर्दाबाद बोलना गुनाह होगा तो मै बोलता हूं, अशोक गहलोत मुर्दाबाद। जब खड़े होकर मोदी मुर्दाबाद बोल सकते है तो गहलोत मुर्दाबाद भी बोल सकते हैं। वैसी ने कहा कि राजस्थान भाजपा में भी अंदरुनी खींचतान चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा एवं कांग्रेस के बीच कबड्डी का मैच चलता है। पांच साल तुम, पांच साल हम। उन्होंने कहा कि जनता साथ देगी तो इनकी नूरा-कुश्ती को तोड़ेंगे एवं प्रदेश में तीसरी ताकत बनकर उभरेंगे। उन्होंने कहा कि हाल में गोवा में आठ कांग्रेसी विधायक भाजपा में गए हैं। गत दिनों मध्यप्रदेश में हुआ। यह ओवैसी तो नहीं कर रहा। राहुल गांधी खुद चुनाव हार गए अमेठी में। वहां पर भी ओवैसी का उम्मीदवार तो नहीं था। लेकिन सिर्फ यह हवा उड़ाई जाती है कि ओवैसी वोट काटने आया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान देश का सबसे महंगा राज्य है क्योंकि यहां की महंगाई सबसे ज्यादा है।

## PM उम्मीदवार की तरह नीतीश का ऐलान, 2024 में गैर-भाजपा सरकार बनने पर सभी पिछड़े राज्यों को मिलेगा विशेष दर्जा



2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों की शुरुआत करते नजर आ रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उनका कहना है कि देश में गैर-भाजपाई सरकार बनने पर सभी पिछड़े राज्यों को विशेष दर्जा दिया जाएगा। बिहार में नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस से लेकर अलग होकर नीतीश कुमार ने महागठबंधन के साथ जाने का फैसला किया था। इसके बाद से ही वह लगातार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं।बिहार में भाजपा को सत्तारूढ़ गठबंधन से बाहर करने के बाद ही अटकलें लगाई जा रही थीं कि सीएम कुमार प्रधानमंत्री पद के लिए दावेदारी पेश कर सकते हैं। हालांकि, वह खुद इस बात का खंडन कर चुके हैं। हाल ही में जब तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव बिहार पहुंचे थे, तो पीएम पद की दावेदारी को लेकर पूछे गए सवाल पर कुमार बात घुमाते नजर आए थे।

### प्रशांत किशोर से मुलाकात ने भी बढ़ाई चर्चाएं

मंगलवार रात को हुई चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर और सीएम कुमार की मुलाकात के बाद चर्चाएं तेज हो गई हैं। खबर है कि सोमवार को सीएम ने पूर्व राजनयिक पवन वर्मा से मुलाकात की थी। कहा जा रहा है कि उन्होंने किशोर और कुमार की मुलाकात में बड़ी भूमिका निभाई थी। इस चर्चा को लेकर कुमार ने कहा था, %उन्हीं से मालूम कीजिए। कोई खास बात नहीं हुई।% साल 2020 में वर्मा और किशोर को जनता दल (यूनाइटेड) से बाहर कर दिया गया था। बाद में वर्मा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वाली तृणमूल कांग्रेस की सदस्यता ली थी। हालांकि, वह कुछ समय बाद ही टीएमसी से अलग हो गए थे। खास बात है कि किशोर और कुमार की यह बैठक ऐसे समय पर हुई है, जब दोनों एक-दूसरे पर जुबानी हमले कर रहे थे।

### इन नेताओं से मिले नीतीश कुमार

बीते हफ्ते दिल्ली में सीएम कुमार ने सीपीएम नेता सीताराम येचुरी, सीपीआई नेता डी राजा से उन कार्यालयों में जाकर मुलाकात की थी। बाद में वह आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिले। इस दौरान दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया भी मौजूद रहे। उन्होंने हरियाणा के पूर्व सीएम और ढ्ढहस्ठ नेता ओम प्रकाश चौटाला से गुरुग्राम में चर्चा की।

# खेत में रखवाली करने गया युवक लापता नहीं लगा सुराग

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- खेत में रखवाली करने गया युवक घर वापस न लौटने पर हुआ लापता ,परिजनों की ओर से की जा रही तलास ।थाना इकौना पुलिस मौके पर पहुँचकर सरगर्मी से की जा रही तलास ।थाना इकौना प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल व ग्रामीणों के साथ जांच में जुटे ।थाना इकौना ग्राम मोहम्मदपुर राजा निवासी राधेश्याम पांडे का 15 वर्षीय पुत्र अंकित पांडे साइकिल से बिराहिमपुर नदी के किनारे पहुंचकर गांव के प्रदीप शुक्ला ( 19 ) वर्ष,व उसके चाचा विनोद शुक्ला के साथ तीन लोग नाव से उस पार रात 9 बजे उतर गए । अंकित पांडे के साथ दोनों लोग प्रदीप व विनोद साथ साथ चलकर अपने अंटे पर चलें गये ।और लापता अंकित पांडे लगभग 200 मीटर दूर भुतहा गांव में अपने अंटे पर धान की फसल रखवाली के लिए चला गया । उसके दोनों साथ गये प्रदीप व विनोद वापस अपने गांव लौट आए लेकिन लापता अंकित पांडे उम्र लगभग 15 वर्ष आधार कार्ड के



अनुसार घर वापस नहीं लौटा ।जिससे परिजनों को गायब होने की आशंका होने लगी । लापता युवक के पिता राधेश्याम , चचेरे भाई हरिशंकर ,विजय कुमार, कल्लू, लाला ,रामसुरेश आदि दो दर्जन ग्रामीण नाव से उतरकर अंटे तक धान गन्ना आदि के खेतों में तलाशने के बावजूद पता नहीं चला । लापता युवक के पिता राधेश्याम ने बताया कि अंकित शुक्ला लगभग 3 वर्ष से खेत की रखवाली करने के लिए रात को गांव के साथियों के साथ नाव से खेवते हुए उस पार फसल की रखवाली के लिए जाता रहता था । घटना की सूचना थाना इकौना पर पीड़ित परिवार की ओर से दी गयी सूचना के बाद प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी उपनिरीक्षक राम आशीष अपने भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल बिराहिमपुर नदी के किनारे रोती बिलखती माता-पिता व ग्रामीणों की मौजूदगी में घटना से संबंधित पूछताछ कर जानकारी ली गई निरीक्षक ने परिवारी जनों एवं ग्रामीणों के साथ नाव से उस पार भुतहा गांव जाकर अपनी देखरेख में खेत खलिहान आदि में तलाश कराने के बावजूद पता युवक का पता नहीं चल सका है । लापता युवक के पास मौजूद मोबाइल मिलाने पर स्विच ऑफ बता रहा है । फिर हाल पुलिस व ग्रामीण खोजबीन की तलाश सरगर्मी से कर रही है ।

# भारतीय किसान यूनियन, भानु ने पत्रकारों के पक्ष में निकाला जुलूस एसडीएम से मिल कर सौंपा ज्ञापन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- भारतीय किसान यूनियन, भानु ने पत्रकारों के पक्ष में निकाला जुलूस एसडीएम से मिल कर सौंपा ज्ञापन, भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग पर लगाए गंभीर आरोप, किसान यूनियन ने कहा है जब देश के चौथे स्तंभ को जब दबाने का प्रयास किया जाएगा तब हमारे देश का किसान पत्रकारों के साथ में खड़ा होगा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ रंजीत कुमार वर्मा, सुनीता यादव के खिलाफ जमकर की नारेबाजी, एसडीएम अलीगंज मानवेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग, अलीगंज स्थित गांधी चौराहे से लेकर नई तहसील तक किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर डॉक्टर के खिलाफ की कार्रवाई की मांग।

# लखीमपुर खीरी में रेप के बाद गला दबाकर हुई थी दलित बेटियों की हत्या, आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट



लखीमपुर खीरी में दो दलित बेटियों की गैंगरेप के बाद हत्या मामले में पोस्टमार्टम आ गई है। लड़कियों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या और इसके बाद में लटकाने की पुष्टि हुई है। एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन डॉक्टरों के पैनल ने शवों का पोस्टमार्टम किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लड़कियों के शरीर पर चोटों के निशान नहीं मिले हैं। लखीमपुर खीरी हत्याकांड में बच्चियों के पोस्टमार्टम पर सीएमओ अरुणेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि रिपोर्ट कोर्ट को सौंपी जाएगी और एक कॉपी एसपी को सौंपी जाएगी। इसस पहले लखीमपुर खीरी कांड में चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने खुलासा कर दिया है। लखीमपुर खीरी जिले में बुधवार शाम एक पेड़ से दो नाबालिग दलित बहनों के शव लटके पाए जाने के बाद छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से एक आरोपी घायल हो गया। लखीमपुर खीरी के एसपी संजीव सुमन ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि छह आरोपियों की पहचान छोटू, जुनैद, सोहेल, हाफिजुल, करीमुद्दीन और आरिफ के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि दोनों लड़कियों को पास के एक खेत में बहला-फुसलाकर ले जाने वाले सोहेल और जुनैद ने रेप किया। बताया गया कि लड़कियों द्वारा मांग की गई कि आरोपी उनसे शादी करें। इसके बाद उनकी गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उन्हें पेड़ से लटकाने में जुनैद और सोहेल का साथ हाफिजुल, आरीफ और करीमुद्दीन ने दिया। एसपी सुमन ने कहा कि छोटू को छोड़कर सभी आरोपी लखीमपुर खीरी के लालपुर गांव के रहने वाले थे। छोटू, जो पीड़िता का पड़ोसी था, ने दोनों लड़कियों को आरोपी से मिलवाया।

# 36 धान क्रय केंद्रों पर होगी धान की खरीददारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा शर्मा ने बताया है कि जनपद में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के लिये किसानों से सीधे धान क्रय किये जाने और उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ दिलाये जाने हेतु 04 क्रय संस्थाओं के कुल 36 धान क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये है। उन्होने बताया कि विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत धान क्रय हेतु क्रमशः साधन सहकारी समिति लि0 अकबरपुर, नौबस्ता, बैरागीजोत, शाहपुरकला, परसा डेहरिया एवं सलारपुर को केन्द्र बनाया गया है। विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत धान क्रय हेतु क्रमशः साधन सहकारी समिति लि0 परसोहना, भरथाकला, सिरसिया, वीरपुर सिरसिया एवं बनकटवा जुड़पनिया को केन्द्र बनाया गया है। विकास खण्ड जमुनहा के अन्तर्गत धान क्रय हेतु क्रमशः साधन सहकारी समिति लि0 लक्ष्मनपुर लालबोझा, लक्ष्मणपुर सेमरनिया, कथरामाफी, मल्हीपुर, गौसपुर एवं इमलियाकरनपुर को केन्द्र बनाया गया है। विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत धान क्रय हेतु क्रमशः साधन सहकारी समिति लि0 प्रहलादा, लेंगड़ी गूलर, कटार एवं परेवपुर को केन्द्र बनाया गया है, तथा विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत धान क्रय हेतु क्रमशः साधन सहकारी समिति लि0 सेमगढ़ा व इकौना को केन्द्र बनाया गया है।इसके अतिरिक्त खाद्य विभाग द्वारा क्रमशः भिनगा, भरथाबेलभरिया, दुर्गापुर के ए0पी0(सिरसिया), नासिरगंज( जमुनहा ), मिर्जापुर, पचदेवरी माफी( गिलौला ), इकौना तिलकपुर पटना कोठार एवं मोहनीपुर में क्रय केन्द्र बनाया गया है।

# निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत आधार करायें प्रमाणीकरण

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह ने बताया है कि पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत आधार प्रमाणीकरण कराये जाने के संबंध में निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होने निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही लाभार्थियों से अपील किया है कि अपनी बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड लेकर अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर अथवा कलेक्ट्रेट स्थित जिला प्रोबेशन कार्यालय में अपना आधार प्रमाणीकरण एक सप्ताह के अन्दर अवश्य करा लें। उन्होने बताया है कि विधवा पेंशन पा रही समस्त लाभार्थी महिलाओं के आधार प्रमाणीकरण के उपरान्त ही अगली पेंशन की किश्त की धनराशि महिलाओं के खाते में स्थानान्तरित की जायेगी। इसलिए समस्त पेंशन पा रही महिला लाभार्थी आधारकार्ड सत्यापन समय से करा लें, ताकि उनकी पेंशन की किश्त बराबर उनके खाते में हस्तानान्तरित होती रहे। अन्यथा आधार प्रमाणीकरण न कराने वाली महिला लाभार्थियों की पेंशन बन्द कर दी जायेगी। जिसके लिए पेंशन पा रही लाभार्थी महिलाएं स्वयं उत्तरदायी होंगी।

# प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट किए गए आजम खां, आज डिस्चार्ज होकर आ सकते हैं रामपुर

रामपुर विधायक आजम खां की तबीयत में अब पहले से काफी सुधार है। सूत्रों के मुताबिक आजम खां को सीसीयू से प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। कल आजम खां को अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। कल रामपुर के लिए दिल्ली से प्रस्थान कर सकते हैं। आजम का स्वास्थ्य ठीक होने की खबर पर समर्थक मिलने के लिए दिल्ली पहुंच गए हैं। बतादें कि आजम खां को सोमवार की रात में तबीयत ज्यादा खराब होने के बाद दिल्ली ले जाया गया था। वहां सर गंगाराम अस्पताल में हुए चेकअप से पता चला कि उन्हें हार्ट अटैक पड़ा था। मंगलवार की सुबह में एंजियोग्राफी कराई गई, जिसमें पता चला कि उनकी दिल की एक नस में ब्लॉकेज



पाई थी। डॉक्टरों की एक टीम ने मंगलवार को आजम खां के दिल की एंजयोप्लास्टी कर एक स्टेंट डाला था। बुधवार को दिन भर उन्हें डाक्टरों की निगरानी में क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती रखा गया था। आजम खां के मीडिया प्रभारी फसाहत अली खां शानू ने बताया कि अब तबीयत में सुधार है। उन्हें सीसीयू से उनके प्राइवेट वार्ड स्थित रूम में शिफ्ट कर दिया गया है। उनके परिजन साथ हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार आजम खां शुक्रवार को रामपुर आ सकते हैं।

# अपर मुख्य सचिव ने मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना अर्न्तगत निर्मित इंटीग्रेटिड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेन्टर का किया स्थलीय निरीक्षण



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवायोजन विभाग/जनपदीय नोडल अधिकारी श्री सुरेश चन्द्रा जी ने आज मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना अर्न्तगत निर्मित इंटीग्रेटिड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेन्टर (आईसीसीसी) का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा थर्ड फ्लोर पर बनें स्मार्ट सिटी के आई0सी0सी0सी0 का अवलोकन करके अपर मुख्य सचिव ने संतोष व्यक्त किया तथा किए गये प्राविधवानों की सराहना की। इस अवसर पर नगर आयुक्त/मुख्य कार्यपालक अधिकारी मुरादाबाद स्मार्ट सिटी श्री संजय चैहान ने अपर मुख्य सचिव को बताया कि मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत निर्मित आई0सी0सी0सी0 द्वारा पूरे मुरादाबाद शहर को कवर एवं आच्छादित किया गया है और मुरादाबाद शहर की हर गतिविधि पर कैमरों द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। नगर आयुक्त ने अवगत कराया कि आई0सी0सी0सी0 परियोजना के अर्न्तगत नगर के 34 जक्शनों पर एरिया टैªफिक कंट्रोल सिस्टम (ए0टी0सी0एस0), 263 स्थानों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे, 15 लोकेशन्स पर वैरीएबिल मैसेज डिस्प्ले बोर्ड (वी0एम0डी0) 37 स्थानों पर पब्लिक एडेªस सिस्टम (पी0ए0 सिस्टम), 35 स्थानों पर इमरजेंसी कॉल बॉक्स (ई0सी0बी0) सहित 35 स्थानों पर निःशुल्क वाई-फाई की सुविधा, 19 स्थानों पर ऑटोमेटिक नम्बर प्लेट रिकगनिशन सिस्टम (ए0एन0पी0आर0) तथा 15 स्थलों पर रेड लाईट वायलेशन, डिटेक्शन (आर0एल0वी0डी0 सिस्टम), 6 स्थलों पर स्पीड डिटेक्शन सिस्टम, ऑनसाईट एवं ऑफसाइड स्मार्ट पार्किंग, कमाण्ड सेन्टर एवं डाटा स्टोरेज सेन्टर का कार्य प्रगतिशील है। इस पर अपर मुख्य सचिव ने मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना के अर्न्तगत कार्यशील आई0सी0सी0सी0 डेटा सेन्टर के कार्यो की सराहना करते हुए कार्यो में निरन्तर गतिशीलता लाने पर बल दिया। सी0ई0ओ0 मुरादाबाद स्मार्ट सिटी श्री संजय चैहान, एडिश्नल सी0ई0ओ0 स्मार्ट सिटी श्री अतुल कुमार, अपर नगर आयुक्त श्री अनिल कुमार सिंह, नोडल अधिकारी स्मार्ट सिटी श्री टी0एन0 मिश्रा, मुख्य अभियन्ता स्मार्ट सिटी श्री ए0के0 मित्तल, ज्वाइंट मजिस्टेªट हर्षिता सिंह सहित मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लि0 के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# बिजली मीटरों में छेड़छाड़ कर हो रही लाखों की बिजली चोरी



मुरादाबाद-बिजली के मीटरों में छेड़छाड़ करके हर माह विभाग को लाखों की चपत लगाई जा रही है। सर्वाधिक टैंपर्ड मीटर के केस मीटरों को बाईपास करके, एलीमेंट लगाकर रीडिंग बाधित कर दी जाती है। इस काम में कुछ विभागीय लोग भी शामिल हैं, जिससे आसानी से यह गड़बड़झाला हो जाता है। टैंपर्ड मीटरों की संख्या में लगातार हो रहे इजाफे पर उच्चाधिकारियों ने इसकी जांच शुरू कराई है, जिससे चोरी का पता चल सके। साथ ही चोरी करने वालों से जुर्माना वसूल किया जा सके। विभागीय आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से सितंबर तक शहर के तीन डिवीजन में 240 से अधिक टैंपर्ड मीटर के मामले सामने आए हैं। अभी एक दिन पहले ही टीम ने जीआईसी व गुरहट्टी इलाके में मीटर से छेड़छाड़ का केस पकड़ा। कुछ माह से टैंपर्ड मीटर के केस लगातार मिलने से बिजली अफसर सतर्क हुए और चेकिंग कराई तो तमाम मीटर टैंपर्ड मिले और उन पर जुर्माना डाला गया। दो दिन पहले शाम तक एई मीटर को डिवीजन दो व तीन में कुछ स्थान पर टैंपर्ड मीटर की जानकारी दी गई, जिसमें टीम ने पहुंचकर चेकिंग की तो गुरहट्टी इलाके में तीन मीटर में गड़बड़ी मिली। वहीं जीआईसी इलाके में भी तीन मीटरों में छेड़छाड़ मिली। अधीक्षण अभियंता (नगर) संजय गुप्ता ने बताया कि शहर के तीनों डिवीजन में अप्रैल से अब तक जांच में 240 से अधिक टैंपर्ड मीटर मिले हैं, जिसमें से डिवीजन वन की स्थिति ठीक मिली। छह माह में 12 मीटर टैंपर्ड निकले। वहीं डिवीजन टू व तीन के सर्वाधिक चोरी वाले इलाकों में जब चेकिंग कराई गई तो डिवीजन टू में छह माह में 117 और डिवीजन तीन में इतने ही माह 120 से अधिक टैंपर्ड मीटर मिले। सभी उपभोक्ताओं पर जुर्माना भी डाला गया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# हिंदू कॉलेज ने जारी की दूसरी कट ऑफ

मुरादाबाद-हिंदू कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। पहली कट ऑफ की प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को हिंदू कॉलेज ने दूसरी कट ऑफ जारी की। इसमें बीए जनरल की 61.40, ओबीसी 59.60, अनुसूचित जाति 54.40 प्रतिशत पर प्रवेश दिया जाएगा। बीएससी बायोलॉजी सामान्य 63.6, ओबीसी के लिए 63 निर्धारित की गई है। बीकॉम में सामान्य व ओबीसी के लिए 37 प्रतिशत तय की की गई है। प्रवेश प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू होकर 19 सितंबर तक जारी रहेगी।

# अधिकारी जनमानस में शासन की छवि धूमिल न होने देने हेतु प्रभावी कदम उठाये-अपर मुख्य सचिव



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - श्री सुरेश चन्द्रा अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवायोजन विभाग उ0प्र0, शासन/नोडल अधिकारी जनपद मुरादाबाद ने आज सर्किट हाउस मुरादाबाद में मा0 मंत्री समूह के जनपदीय भ्रमण के उपरान्त निरीक्षण आख्या कार्यवाही एवं विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने मा0 मंत्री समूह के जनपदीय भ्रमण के उपरान्त दिये गये निर्देशों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जनमानस में शासन की छवि धूमिल न होने देने हेतु प्रभावी कदम उठाते हुए विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का समबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। समस्त अधिकारी जनआकांक्षाओं की पूर्ति हेतू पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करें। मा0 मुख्यमंत्री जी की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस नीति का अनुपालन करना सुनिश्चित करें तथा समस्त अधिकारी जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापरक ढंग से शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अपर मुख्य सचिव ने समस्त कार्यदायीं संस्थाओं को अधूरे निर्माण कार्यो को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये तथा कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी फील्ड में जाये तो अपने विभाग के कार्यो के साथ-साथ अन्य विभागों द्वारा संचालित कार्य /योजनाओं में भी रुचि लें तथा सभी विभाग मिल जुलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि भू-माफियाओं के खिलाफ मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये।अपर मुख्य सचिव ने स्कूल चलों अभियान, ऑपरेशन कायाकल्प, ग्राम्य विकास विभाग, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री दुघर्टना बीमा, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, महिला कल्याण, दिव्यांगजन एवं सशक्तीकरण विभाग, विद्युत विभाग, उद्योग विभाग, पशुपालन, जल निगम, गन्ना, श्रम, सेवायोजन आदि की समीक्षा करते हुए योजनाओं का ठीक प्रकार से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव ने सहायक निदेशक सेवायोजन को निर्देशित किया कि विश्वविद्यालयों एवं बडे-बडे कालिजो में भी रोजगार मेलों के साथ रोजगार कैम्पों का भी आयोजन करें। सहायक निदेशक सेवायोजन ने बताया कि 965 अभ्यर्थियों को प्राईवेट सेक्टर में नौकरी मिल गयी है इस पर अपर मुख्य सचिव ने कहा कि इसमें और तेजी लाये ताकि अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार मिल सके। श्रम विभाग में पंजीयन श्रमिकों की जानकारी लेते हुए अपर मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाये। अपर मुख्य सचिव ने अवैध बस अड्डों पर की गयी कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त की तो जिलाधिकारी ने बताया कि सभी अवैध बस अड्डें बंद करा दिये गये हैं तथा अवैध वसूली भी बंद करा दी गयी है। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अक्टूबर माह में वृहद शादी समारोह आयोजन हेतु निर्देश दिये है। विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करत हुए निर्धारित शेड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जर्जर तारों एवं ट्रान्सफार्मरों की शिकायत को प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। भ्युदय योजना से जोडकर अच्छी कोचिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

## संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Competition to provide free electricity and increasing losses of power distribution companies

Amidst the debate on Rewari culture from the road to the Supreme Court, the way free electricity announcements are being made in the election states, they are going to weaken the power generation, transmission and distribution infrastructure as well as harm the economy. It is worrying that the promises of providing free electricity are being made at a time when neither the losses of the State Electricity Boards are stopping nor the liability of these boards on the electricity distribution companies is reducing. Even after this situation, it is doubtful that there will be any impact on those political parties which are engaged in making promises of free electricity to gain electoral benefits. Because when one political party promises to provide free electricity, other parties are also compelled to make such promises. Apart from this, there is a demand to provide free or subsidized electricity in other states also. Recently, Telangana Chief Minister K. Chandrashekhar Rao announced that if a non-BJP government is formed in 2024, then farmers across the country will be given electricity and water free of cost. Though opposition unity is not known yet, Chandrashekhar Rao's announcement indicates that more emphasis will be placed on providing free electricity in the upcoming assembly and Lok Sabha elections. The problem is not only that political parties one after the other are giving free electricity But they are also engaged in justifying its justification despite the fact that the condition of the electricity boards is getting worse. Undoubtedly, it is understandable to give electricity at subsidized prices to the poor and underprivileged sections, but there is no justification to give free electricity to the capable people at a cost below the cost or even free. Whenever free electricity is given anywhere, its misuse starts. goes. Often this comes in the form of electricity theft or commercial use of household electricity. Although all the political parties are aware that in the past, the states which have done the work of providing free electricity are in trouble, yet they are not taking the name of Chetne. The economic condition of the electricity boards of some such states was so bad that they were not even able to supply normal electricity. Just as the state electricity boards are not able to recover from the losses, similarly the power distribution companies are not able to make timely payments to the power generating companies. According to one figure, the liability of power distribution companies is more than one lakh crore rupees.


# Rakhi Sawant said- 'I want to marry like Alia Bhatt, want to be a married mother

These days Rakhi Sawant is seen promoting her new song Tu mere dil mein rehne ke layak nahi on different platforms. In this song, Rakhi is seen with her boyfriend Adil Khan Durrani. This is the first time that Rakhi and Adil have been featured together in a song. Rakhi is seen posting dozens of promotional videos of this song with fans. In these promotion videos, Rakhi has shared a video, in this video she wants a marriage like Alia Bhatt. There is a special reason behind why she is saying this. Let's know why Rakhi wants to marry like Alia Bhatt? Like Alia Bhatt, Rakhi Sawant is famous for her impeccable style in the industry, this thing is not hidden from any- one. Recently, Rakhi has once again surprised everyone with her comic style. Rakhi has shared a video on her Instagram. In this video, she has arrived for the promotion of her song and is seen in the signature style of Rakhi. Let us tell you that Rakhi has shared this video from an interview given on Radio Mirchi. In this video, Rakhi is seen saying that she has to marry like Alia. Rakhi says – they say that they are not married, and Alia Bhatt has become a mother after marriage, I want to get married like this. In which I have to become a mother as soon as I get married and not the next day. But then Rakhi is Rakhi. The song 'Tu Mere Dil Mein Rehne Ke Layak' is becoming a hit“Let us tell you that on September 10, the song 'Tu Mere Dil Mein Rehne Ke Liye', which was filmed on Rakhi Sawant and her boyfriend Adil, was released. This song has been done on YouTube channel named AB Bansal Music. This song is also being liked a lot. Rakhi has also shared a post about the views this song is getting. In this post, Rakhi has thanked fans, friends and media for making the song a hit. Rakhi has shared this post after this song got 4 million views. The song 'Tu Mere Dil Mein Rehne Ke Layak Nahi' is sung by Altmash Faridi and composed by Asif Faridi and Tanveer Ghazi has written this song.



# Have you seen Pawan Singh's new song 'Lal Ghaghra' with bold dancer Namrata Malla?

Bhojpuri star Pawan Singh's new song Lal Ghaghra has been released. In this song, bold actress, dancer Namrata Malla is seen dancing with Pawan Singh. Pawan Singh has also posted the teaser video of this song on social media. Earlier, Pawan Singh's song Kheladi Naiki has also got a tremendous response from the fans. This song has got more than 10 million views so far. Now let's talk about this superstar's latest release song 'Lal Ghaghra'. Namrata Malla's bold dance with Pawan Singh - Namrata Malla, famous in the industry for bold acts, is seen with superstar Pawan Singh for the first time. Earlier, Namrata was seen in Bhojpuri star Khesari Lal Yadav's song Ghunt. In this song, their pair was appreciated by the fans. Now Namrata Malla is also having fun with Pawan Singh with her erotic bold dance. Namrata's romantic bold dance with Pawan Singh can be seen in the song 'Lal Ghaghra' released on YouTube. This song, released some time ago, has got millions of views - Pawan Singh, while sharing the teaser video of this song, has told the fans in the caption, 'Bajao song Lal Ghaghra in full volume from Aara to Agra.' For information Let us tell you that the song of this Bhojpuri star becomes among the fans as soon as it is released. The video of this song, which was released a few hours ago, has got more than 8 lakh views on YouTube. This song is also sung by Pawan Singh and female voice is by Shilpi Raj. This song is written by Vijay Chauhan and music is given by Shubham Raj. Fans are looting love - For this song, his fans are seen showering love on him on social media. A fan wrote in the comment box of the video of this song, 'Pawan Singh has given so many evergreen songs in his life that Bhojpuri industry can never forget him, Pawan Singh is immortal.'



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# विजयगढ़ बिजली घर क्षेत्र में टूबिल के तीन कनेक्शन और जोड़े जाएं धान की खेती सूख रही है -ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के निधि कार्यालय पर विजयगढ़ क्षेत्र के अधिक संख्या में किसान उपस्थित हुए सबसे ज्यादा शिकायत विजयगढ़ बिजली घर के संविदा कर्मचारियों की की गई जोके किसानों का उत्पीड़न करने वाली शिकायत थी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह को किसानों ने बताया है कि कनेक्शन जोड़ने के नाम पर ?500 कनेक्शन बिगर मतलब के काटना फिर जोड़ना फिर काटना तेरी जोड़ना जब-जब जोड़ने आते हैं तब तब ?500 ले जाते हैं रात्रि के समय बिजली काट देते हैं सवेरे किसान की शिकायत जाती है कि तार टूट गया है ऐसे लगा जाओ फिर ?500 ले जाते हैं विद्युत तारों को खुद ही हटा जाते खुद ही सुबह जोड़ ले आते हैं फिर पैसे मांगते हैं इस तरह से किसानों का शोषण वहां पर हो रहा है और किसानों ने बताया है दो या तीन टूबिल के कनेक्शन अभी जोड़े गए है 2–00 के लगभग अभी कनेक्शन जोड़ने के लिए रह गए हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने एसडीओ समेत बड़े अधिकारियों से बातचीत यह आश्वासन दिया है इनको भी जोड़ देंगे लेकिन अधिकारियों ने ऐसा क्यों किया मुख्यमंत्री के आदेश किसी किसान का सिंचाई का कनेक्शन नहीं कटेगा उसके बावजूद भी कनेक्शन काटे गए संविदा कर्मचारियों ने एवं वहां के मौजूदा विद्युत इंजीनियर की पूरी मिलीभगत बताई जा रही है संविदा के कर्मचारी वहां से तब तक नहीं बदले जाएंगे किसानों का शोषण होता रहेगा इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा विजयगढ़ बिजली घर क्षेत्र में किसानों का शोषण चरम सीमा पर है टूबिल के अन्य कनेक्शनों को नहीं जोड़ा गया तो इसकी सीधे शिकायत मांगने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर की जाएगी जो जो संविदा कर्मचारी जोड़ने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी इसी संबंध में किसानों ने विजयगढ़ क्षेत्र में एक फोन पर किसान पंचायत करने का निर्णय लिया है उन्होंने मुख्यमंत्री जी के आदेश का उल्लंघन किया है सरकार के नियम के विरुद्ध कार्य किया है उस पंचायत में उसे बख्शा नहीं जाएगा बिजली विभाग के सभी अधिकारियों आग्रह किसानों के ट्यूबवेल के कनेक्शन अतिशीघ्र जोड़ दिया जाए किसानों की धान की खेती को भारी नुकसान पहुंच रहा है अभी दो-तीन टूबिल के कनेक्शन जोड़े गए हैं कनेक्शन जोड़ने के नाम पर अवैध वसूली एवं किसानों का उत्पीड़न किसानों के अभद्रता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी



## अलीगढ़ में आयोजित मण्डलीय मासिक समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को मा0 आयुक्त महोदय श्री गौरव दयाल की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार, अलीगढ़ में आयोजित मण्डलीय मासिक समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया। शासन की मंशानुसार जनपद में चल रहे विकास कार्यक्रमों एवं शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं आदि की माह अगस्त 2022 तक की उपलब्धियाँ डीएम ने मा0 आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत कीं तथा मा0 आयुक्त महोदय द्वारा जनपद एटा की प्रगति हेतु मण्डलीय समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त किए। मण्डलीय समीक्षा बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

## एटा जनपद के शहर कोतवाली इलाके के विजय नगर कॉलोनी में

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आरोपी युवकों ने दो नाबालिग और उसकी मां को झांसे में लेकर करोड़ों की संपत्ति हड़पी वसीयत थी किसी के नाम लव जिहाद के आरोपियों ने सांठगांठ कर किया बड़ा खेल पीड़ित परिवार दहशत में, पुलिस के संज्ञान में भी है मामला हिंदूवादी कार्यकर्ताओं में पनप रहा आक्रोश बड़ी बात यह.. बस स्टैंड के नजदीक एक होटल रेस्टोरेंट से वर्षों से चल रहा लव जिहाद का नेटवर्क बस स्टैंड के नजदीक होटल में अनैतिक गतिविधियां भी वर्षों से जारी है स्थानीय पुलिस के कुछ कर्मचारी भी होटल संचालक के मोह में गंभीरता से प्रकरण की जांच हो तो खुल सकते हैं कई पुराने और नए मामले लव जिहाद नेटवर्क संचालन में एक क्षेत्रीय प्रतिष्ठित चैनल के पत्रकार का भी नाम - सूत्र लव जिहाद के आरोपियों ने धोखे से हड़पी है करोड़ों की संपत्ति

## हत्या के प्रयास की घटना के मामले में 02 आरोपियों को 07- 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 30-30 हजार रुपए के जुर्माने की मिली सजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से हत्या के प्रयास की घटना के मामले में 02 आरोपियों को 07- 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 30-30 हजार रुपए के जुर्माने की मिली सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 15.09.2022 को अभियुक्तगण 1. निरंजन पुत्र पूरन सिंह 2.सुनील पुत्र पूरन सिंह निवासीगण गालगाव थाना निधौली कला जिला एटा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 67/16 धारा 323,324,504,506,307 भादवि थाना निधौली कला जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 जज FTC 1 कोर्ट एटा द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त प्रत्येक को 07-07 वर्ष सश्रम कारावास एवं ?30-30हज़ार के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# बिना मानदेय सामुदायिक शौचालय पर दे रहीं ड्यूटी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मिरहची, - 18 माह से बिना मानदेय ग्राम पंचायत मीरापुर स्थित सामुदायिक शौचालय पर केयरटेकर नारायणी देवी अपनी डयूटी निभा रही हैं। सचिव के कहने पर वह शौचालय के रख-रखाव, साफ-सफाई पर भी अपना पैसा लगा रही है। ब्लॉक मारहरा के गांव मीरापुर सामुदायिक शौचालय केयरटेकर नारायणी देवी ने बताया कि एक नवंबर 2020 को शौचालय निर्माण के बाद गांव के जय मां लक्ष्मी स्वंम सहायता समूह को देखरेख की जिम्मेदारी दी गई। समूह को एक ही बार शौचालय की साफ-सफाई में प्रयोग होने वाला सामान मिला। इसके बाद समूह से नियमित सामुदायिक शौचालय की साफ-सफाई चलती रही। सचिव ने समूह से कहा कि अपने पास से ही साफ-सफाई का सामान लगा दिया करो। बाद में इसका भी भुगतान मिल जाएगा। मेंन्टीनेंस के तीन हजार तुम्हें महीने पर अलग से मिल जाया करेंगे।

लिखित शिकायत करने के बाद भी मानदेय नहीं मिला। पूर्व में इनका डोगल नहीं बना था। जिस कारण से समूह को पेंमेन्ट नहीं हो पाया था। मेंन्टीनेंस के सामान का पैसा स्वयं लगाया गया है। उसका बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान भी करा दिया जायेगा। धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, सचिव, मीरापुर, मारहरा (एटा)

## अध्यक्षता में आयुक्त सभागार, अलीगढ़ में आयोजित मण्डलीय मासिक समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को मा0 आयुक्त महोदय श्री गौरव दयाल की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार, अलीगढ़ में आयोजित मण्डलीय मासिक समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया। शासन की मंशानुसार जनपद में चल रहे विकास कार्यक्रमों एवं शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं आदि की माह अगस्त 2022 तक की उपलब्धियाँ डीएम ने मा0 आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत कीं तथा मा0 आयुक्त महोदय द्वारा जनपद एटा की प्रगति हेतु मण्डलीय समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त किए। मण्डलीय समीक्षा बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

## भारतीय किसान यूनियन, भानु ने पत्रकारों के पक्ष में निकाला जुलूस एसडीएम से मिल कर सौंपा ज्ञापन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-भारतीय किसान यूनियन, भानु ने पत्रकारों के पक्ष में निकाला जुलूस एसडीएम से मिल कर सौंपा ज्ञापन, भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग पर लगाए गंभीर आरोप, किसान यूनियन ने कहा है जब देश के चौथे स्तंभ को जब दबाने का प्रयास किया जाएगा तब हमारे देश का किसान पत्रकारों के साथ में खड़ा होगा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ रंजीत कुमार वर्मा, सुनीता यादव के खिलाफ जमकर की नारेबाजी, एसडीएम अलीगंज मानवेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग, अलीगंज स्थित गांधी चौराहे से लेकर नई तहसील तक किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर डॉक्टर के खिलाफ की कार्रवाई की मांग।

# बगैर पैसा दिए नया ट्रांसफार्मर नहीं लग पाएगा

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-ज्ञात हो कि इन दिनों बरसात का समय चल रहा है और कभी धूप कभी ठंडी जैसा लहर चल रहा है जिससे क्षेत्र में खांसी सर्दी बुखार जैसे परेशानी हो रहा है, और स्वास्थ्य विभाग का टीम पूरे जिले में अपना सेवा दे रहा है,, हम बात करें तो चांदनी बिहार पुर क्षेत्र काफी जंगलों से घिरा हुआ है जिसमें आए दिन जंगली जानवरों और सांप बिच्छू जैसे घटनाएं बीच-बीच में उजागर होते रहता है अभी तत्काल पिछले 20 दिनों से ग्राम पंचायत थार पाथर का ट्रांसफार्मर खराब है जिससे ग्रामवासी कई जगह आवेदन निवेदन कर चुके हैं उसके बाद भी नया ट्रांसफार्मर अभी तक नहीं लगाया गया है यह बात भी सामने आ रही है कि बगैर पैसा दिए नया ट्रांसफार्मर नहीं लग पाएगा,, यह समस्या सोशल मीडिया में काफी तेजी से चल रहा है,, जिसको लेकर आज 15 सितंबर 2022 को जिले का सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी भटगांव सीताराम भास्कर ने अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम भैयाथान से मुलाकात कर एक लिखित आवेदन दिए हैं जिस में उल्लेख किया गया है कि चांदनी बिहार पुर क्षेत्र का थार पत्थर ग्राम पंचायत में नया ट्रांसफार्मर लगना अति आवश्यक है जोकि पढ़ने वाले बच्चे स्कूली बच्चे लोगों को पढ़ने में काफी परेशानी हो रही है साथ में ग्रामवासी भी काफी परेशान है लाइट के जलने से जंगली जानवर गांव बस्ती में नहीं आते हैं लेकिन 20 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने पर जंगली जानवरों का आतंक जैसा माहौल गांव में निर्मित है अनुविभागीय अधिकारी भैयाथान ने इस आवेदन पर तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि तत्काल चांदनी बिहार पुर के ठाठ पाथर में नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए जिससे आम जनता को राहत मिल सके,

# CIMS में लड़की की मौत पर हंगामा, परिजनों का आरोप-2 घंटे रोके रखा फिर जनरल वार्ड में भर्ती, ऑक्सीजन भी नहीं मिला




बिलासपुर के छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में बुधवार की शाम एक 19 वर्षीय बालिका की मौत हो गई है। छोटी कोनी से सिम्स पहुंची रानू सोनवानी की तबीयत बिगड़ती गई और डॉक्टरों ने ध्यान भी नहीं दिया। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। परिजनों का आरोप है कि युवती गंभीर हालत में तड़पती रही, फिर भी डॉक्टरों ने उसे भर्ती नहीं किया। पहले कोरोना जांच के बहाने दो घंटे तक रोके रखा और फिर बाद में आईसीयू के बजाए जनरल वार्ड में भर्ती कर दिया। लड़की तड़पती रही और उसे ऑक्सीजन भी नहीं लगाया गया।राजकुमार सोनवानी अपनी बेटी रानू सोनवानी को बुधवार की दोपहर लेकर सिम्स पहुंचे। यहां उसे भर्ती करने और उपचार करने के बजाए डॉक्टरों ने बिठाए रखा, जिसकी वजह से उसकी तबीयत बिगड़ती चली गई। परिजनों का आरोप है कि पहले कोरोना जांच के बहाने 2 घंटे तक रखे रहे और फिर बाद में आईसीयू के बजाए जनरल वार्ड में भर्ती कर दिया। इमरजेंसी से डॉक्टरों को बुलाया गया, लेकिन कोई नहीं आया। जनरल वार्ड में रानू को ऑक्सीजन भी नहीं मिल पाया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर समय पर इलाज नहीं करने का आरोप भी लगाया है।

## परिजनों ने शव लेने से किया इनकार, पुलिस ने समझाया

डॉक्टरों द्वारा बालिका को मृत घोषित करने के बाद परिजनों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। लड़की का शव घर लेकर जाने से इनकार करने लगे। हंगामा बढ़ता देख अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना की टीम पहुंची तब मामला शांत हुआ। पुलिस की मौजूदगी में सिम्स के डीन डॉ. केके सहारे ने बताया कि बच्ची को परिजन गंभीर हालत में लेकर सिम्स आए थे। उसकी स्थिति काफी गंभीर थी। डॉक्टरों ने उसे बचाने का पूरा प्रयास किया। सिम्स में 100 से ज्यादा सिलेंडर एक्सट्रा है, जिसे इमरजेंसी के लिए रखा गया है। ऑक्सीजन की कमी से मौत नहीं हुई है।

# भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य लोकतंत्र को बनाए रखना, CM भूपेश बघेल बोले- भाजपा को प्रजातंत्र पर विश्वास नही



छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार और भाजपा पर फिर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार लोकतंत्र का अपमान कर रही है। केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस पार्टी की %भारत जोड़ो यात्रा% का उद्देश्य लोकतंत्र को बनाए रखना और इसे मजबूत करना है। भाजपा लोकतंत्र का चीरहरण कर रही है। धनबल से खरीद-फरोख्त किया जा रहा है। भाजपा को प्रजातंत्र पर विश्वास नहीं है। भाजपा का ऐसा कार्य लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। इन्हीं सब परिस्थितियों को लेकर हमारे नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर भारी उत्साह है। छत्तीसगढ़ की 12 जातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मात्रात्मक त्रुटि को लेकर आदिवासियों को परेशान होना पड़ रहा था। छत्तीसगढ़ में 15 सालों तक भाजपा की सरकार रही। रमन सरकार के कार्यकाल में मात्रात्मक त्रुटि रही है। छत्तीसगढ़ और केंद्र में दोनों जगहों पर भाजपा की सरकार थी, तब क्यों नहीं करवा पाए। बघेल ने कहा कि 12 जातियों को मात्रात्मक त्रुटि के कारण बहुत सारी दिक्कतें होती थी। बच्चों के जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे थे। योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। हमने नीति आयोग की बैठक में मांग रखी थी।

## केंद्र सरकार के एजेंडे सेवा है ही नहीं

रायगढ़ जिले में भेंट-मुलाकात करके रायपुर लौटे सीएम भूपेश बघेल ने ट्रेनों को लगातार कैंसिल करने पर कहा कि केंद्र सरकार के एजेंडे में सेवा है ही नहीं। लगातार ट्रेनों को बंद कर रहे हैं। जनता की परेशानियों से इनको कोई मतलब नहीं है। कोयला ढो रहे हैं, जिससे केंद्र को फायदा हो रहा है, लेकिन इन्हें जनता की परेशानी से कोई लेना देना नहीं है। कुछ समय बाद ट्रेन को भी बेच देंगे। सार्वजनिक उपक्रमों को बेच ही रहे हैं। कोयला भी महंगा कर दिया है। बिजली भी महंगी हो गई है। केंद्र सरकार की नीतियों से आम जनता हलाकान है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# यात्री बस को ठोकर मारते हुए तेज रफ्तार ट्रक ने 2 बाइक सवारों को रौंदा, 3 की मौत, 3 गंभीर अस्पताल में भर्ती



छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में तेज रफ्तार ट्रक ने बस को ठोकर मारते हुए 2 बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में 3 लोगों की मौत हुई है, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को पलारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना रायपुर-बलौदाबाजार नेशनल हाईवे के पलारी थाना क्षेत्र में हुआ है। ट्रक रायपुर से बलौदाबाजार जा रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कोदवा गांव के बस स्टैंड के पास यह घटना हुई है। तेज रफ्तार ट्रक यात्री बस को ठोकर मारते हुए सड़क किनारे खड़े बाइक सवारों को रौंदते हुए आगे बढ़ गई और एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में 2 लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक गंभीर को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया था, जिसकी रास्ते में मौत हो गई। घायल 3 लोगों को पलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## हादसे के बाद मच गई थी अफरा-तफरी

सूचना पर पलारी पुलिस थाने की टीम मौके पर पहुंची। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई थी। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया। हादसे में डोमेश धीवर ( 22 वर्ष ) निवासी ससहा, पुणेंद्र धीवर ( 16 वर्ष ) निवासी ससहा, अरविंद उर्फ राजा चतुर्वेदी ( 20 वर्ष ) निवासी सुंदरी की मौत हुई है। वहीं टेमन कोसले ( 25 वर्ष ) सिसारी लवन, अतिश केरकेटा ( 26 वर्ष ) निवासी कंदई ( जशपुर ), भावसिंग यादव निवासी अमलीडीह ( पलारी ) घायल हुए हैं। हादसे में कार और बाइकें क्षतिग्रस्त हुई है।